


## राखी पर बुरी तरह भड़कीं शमिता, जोर से मारा धक्का

जैसे–जैसे बिग बॉस 15 का फिनाले नजदीक आ रहा है, घरवालों के रिश्ते बदलते नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा के बीच बड़ा झगड़ा हो गया, वहीं दूसरी ओर शमिता शेट्टी और राखी सावंत भी एक–दूसरे से भिड़ गईं। बिग बॉस ने हाल ही टिकट टू फिनाले टास्क करवाया, जिसकी संचालक राखी सावंत को बनाया गया। राखी सावंत पूरे टास्क में अनफेयर खेल रही थीं और देवोलीना व प्रतीक सहजपाल को सपॉर्ट कर रही थीं। यह देख सभी घरवाले राखी के खिलाफ हो गए, पर राखी ने एक नहीं सुनी। जब राखी ने देवोलीना भट्टाचार्जी को टास्क का विनर बनाया तो शमिता शेट्टी ने आपा खो दिया। वह राखी से बोलीं, श्दुनिया तुम्हें देख रही है राखी। वो कंट्रोल कर रही है तेरे को।श दोनों के बीच बात बहुत बढ़ जाती है। वो एक–दूसरे को अंधी तक बोलती हैं। लड़ाई के दौरान राखी और शमिता एक–दूसरे पर हावी हो जाती हैं। राखी जब शमिता से कहती हैं कि वह उनके ऊपर न चढ़ें तो ऐक्ट्रेस उन्हें जोर से धक्का मार देती हैं। राखी इसकी शिकायत बिग बॉस से करती हैं। वह कहती हैं, उसने मुझे पुश किया है बिग बॉस। आप न्याय करेंगे। यह सुनकर शमिता चिल्लाती हैं, मैं भी देखती हूं क्या करेंगे बिग बॉस।

## बयान दर्ज करवाने खार पुलिस स्टेशन पहुंचीं कंगना रनौत

कंगना रनौत बेबाक सितारों की गिनती में शामिल हैं, लेकिन कई बार वह कुछ ऐसा भी बोल गई हैं जिसकी वजह से उन्हें अब कानूनी झमेलों का सामना करना पड़ रहा है। किसान आंदोलन को लेकर किसानों के खिलाफ अपनी बयानबाजी को लेकर कोर्ट केस में फंसीं कंगना गुरुवार को खार पुलिस स्टेशन में अपना बयान दर्ज करवाने पहुंचीं। कंगना रनौत ने किसान आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों को श्खालिस्तानीश कहा था। इसके बाद कुछ सिख संगठनों ने कंगना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने इसी मामले में बयान दर्ज करना के लिए कंगना को बुधवार को खार पुलिस स्टेशन में पेश होने के का समन जारी किया था। मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में एक सिख संगठन ने कंगना के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी। संगठन ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि कंगना रनौत ने किसानों की तुलना खालिस्तानियों से की है और ये किसानों का अपमान है।

## बड़े अच्छे लगते हैं फेम नकुल मेहता को हुआ कोरोना



बड़े अच्छे लगते हैं फेम ऐक्टर नकुल मेहता कोरोना वायरस पॉजिटिव हो गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। साथ ही फैंस को अपनी हेल्थ के बारे में भी बताया है। उन्होंने ये भी बताया है कि इस दौरान वो सीरीज देख रहे हैं। घर का बना गरमा–गरम खाना खा रहे हैं और वायरस को हराने के लिए मेडिसिन भी ले रहे हैं। नकुल मेहता ने इंस्टाग्राम पर फोटोज पोस्ट करते हुए बताया कि वो कोरोना को मात दे रहे हैं। नेटफ्लिक्स देख रहे हैं। अली सेठी की आवाज (गानें) सुन रहे हैं.. गर्म खाना खा रहे हैं। नकुल मेहता के इस पोस्ट के बाद करण ग्रोवर, करण पटेल, गौतम रोड़े सहित तमाम सेलेब्स ने कॉमेंट कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। बता दें कि नकुल मेहता ने लंबे समय बाद टीवी पर वापसी की है। वो बड़े अच्छे लगते हैं 2 में नजर आए। उन्हें आखिरी बार इश्कबाज में देखा गया था। नकुल इसी साल बेटे के पिता बने हैं। उनके दो महीने के बेटे की सर्जरी भी हुई थी, जिसको लेकर ऐक्टर ने इमोशनल पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने और उनकी वाइफ जानकी ने बेटे का नाम सूफी रखा है।

# रोहमन ने छोड़ दिया सुष्मिता सेन का घर?

*बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सुष्मिता सेन और उनके बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल लंबे समय से एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। वो न सिर्फ हर इवेंट में एक साथ नजर आते हैं, बल्कि रोहमन ऐक्ट्रेस के घर पर ही रह रहे थे। उनकी शादी को लेकर भी कई बार अफवाहें उड़ी हैं, लेकिन अब एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे फैंस को निराशा हो सकती है। जी हां, बताया जा रहा है कि ये कपल अब अलग हो गया है। दोनों ने इस रिश्ते को खत्म कर दिया है!*




पिछले कुछ दिनों से खबर आ रही थी कि सुष्मिता और रोहमन के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। अब इस कपल से जुड़े एक करीबी सूत्र ने ईटाइम्स को जानकारी दी है कि दोनों ने अपने संबंध खत्म कर लिए हैं। रोहमन अब सुष्मिता के घर पर भी नहीं रहते हैं। वो ऐक्ट्रेस का घर छोड़कर अपने किसी दोस्त के घर शिफ्ट हो गए हैं।

**शादी की बात पर रोहमन ने दिया था ये जवाब**

सुष्मिता और रोहमन की शादी को लेकर कई बार खबरें सामने आईं, लेकिन एक इंटरव्यू में मॉडल ने कहा था, श्सुष्मिता, उनकी बेटियां (रेने और अलीशा) और मैं एक फैमिली ही हैं। कभी मैं उनके बच्चों के पिता की तरह रहता हूं तो कभी उनके साथ दोस्त की तरह बिहेव करता हूं। उस समय हम लड़ते भी हैं। हम नॉर्मल फैमिली की तरह रहते हैं। हम एक साथ रहना इंजॉय करते हैं। इसलिए हम इस तरह के सवालों पर ध्यान नहीं देते हैं कि आप शादी कब कर रहे हो? जब शादी होगी तो उसे छिपाया नहीं जाएगा। इस समय हम वेब सीरीज की सफलता इंजॉय कर रहे हैं। आगे सोचेंगे कि क्या होता है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**सुष्मिता ने शेयर किया था पोस्ट**

इसी साल फरवरी महीने में सुष्मिता ने एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें एक बेकार रिश्ते से बाहर निकलने की बात लिखी थी। इसके बाद फैंस कयास लगाने लगे थे कि क्या रोहमन के साथ उनका ब्रेकअप हो गया है? हालांकि, इस कपल ने पब्लिक अपीयरेंस देकर इस अफवाह पर विराम लगा दिया।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सुष्मिता को आखिरी बार श्आर्याश वेब सीरीज के दूसरे सीजन में देखा गया, जिसमें उनकी ऐक्टिंग की जमकर तारीफ हुई है। इसी सीरीज से ऐक्ट्रेस ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रखा था।

# शक्तिमान की गीता विश्वास का नाम भूल गए ऑर्गेनाइजर

*90 के दशक में शक्तिमान सीरियल छाया हुआ था। इसमें शक्तिमान का किरदार निभाने वाले ऐक्टर मुकेश खन्ना और गीता विश्वास के रूप में वैष्णवी महंत को दर्शकों का ढेर सारा प्यार मिला और उन्हें आज भी पूरा सम्मान मिलता है, लेकिन हाल ही में एक अवॉर्ड शो ऑर्गेनाइजर ने गीता यानि वैष्णवी का अपमान किया। ऐक्ट्रेस ने अवॉर्ड भी नहीं लिया और इवेंट बीच में ही छोड़कर चली गईं। इस बात का खुलासा खुद वैष्णवी महंत ने किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर बताया है कि वो इस इंडस्ट्री में लंबे समय से काम कर रही हैं। लोगों का खूब प्यार मिला है, लेकिन इस तरह से अपना नाम गलत पुकारे जाने पर उन्हें बहुत दुख हुआ है।*



**ऑर्गेनाइजर ने पुकारा गलत नाम**

ऐक्ट्रेस ने बताया कि वो अवॉर्ड पाने के लिए क्रेजी नहीं हैं, लेकिन अगर कोई सम्मान देता है तो उसे ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा, यही सोचकर मैं वहां गई थी। वहां बाकी सिलेब्रिटी भी आए। सबको अवॉर्ड दिया गया और सब डिजर्व भी करते थे, लेकिन जब मेरी बारी आई तो सृष्टि माहेश्वरी के साथ मेरा अनाउंसमेंट किया गया किसी और को अवॉर्ड देने के लिए और उन्होंने बोला वंदना। मुझे लगा होगी कोई वंदना, जिसे बुलाया जा रहा है। कोई वंदना आई नहीं स्टेज पर और वो मुझे ही देखे जा रहे थे। जबकि तीन सिलेब्रिटी स्टेज पर आए और उन्होंने मेरा नाम बाकायदा इनके सामने लिया वैष्णवी। शक्तिमान, वैष्णवी। फिर ये ऑर्गेनाइजर, जिनके मैंने 2 अवॉर्ड फंक्शन अटेंड किए हैं। फिर भी ये मेरा नाम वंदना लिखते हैं।

**शो छोड़कर चली गईं ऐक्ट्रेस**

वैष्णवी महंत ने आगे कहा, श्जब मेरी बारी आई अवॉर्ड लेने की तो वहां पर भी उन्होंने मेरा नाम वंदना अनाउंस किया। ऐसा नहीं कि बाद में करेक्ट करके आप आर्टिस्ट को या सिलेब्रिटी को स्टेज पर बुलाओ। ये मेरे लिए काफी इंसल्टिंग था। मैं स्टेज पर गई और मैंने कहा सॉरी, मैं ये अवॉर्ड नहीं ले सकती, क्योंकि आप जानते ही नहीं हैं कि आप किसको अवॉर्ड दे रहे हैं। आपने जिसे बुलाया है, उसका नाम ही आप नहीं जानते। मुझे इस अवॉर्ड की जरुरत नहीं है। मैंने ऐसी उम्मीद नहीं की थी। मैंने अवॉर्ड नहीं लिया और चली गई।